**भारत-सरकार**
**पोत परिवहन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 124 जिसका उत्तर
बृहस्पतिवार, 05 दिसम्बर, 2013/14 अग्रहायण, 1935 (शक) को दिया जानाहै

**पत्तनों पर पत्तनसुरक्षासंबंधीलेखा परीक्षा**

124 . **डा.वी. मैत्रेयनः**

क्या **पोत परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगेकि :

(क) क्या सरकार ने स्थापित सुरक्षा नयाचारों का अनुपालन सुनिश्चित करने केलिए विभिन्न पत्तनों पर पत्तनसुरक्षासंबंधी लेखापरीक्षा करवाईहै, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है औरइस परियोजना के अन्तर्गत क्या कार्य किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित किया थाकि सभी पत्तन परिसरों में सीसीटीवीनिगरानी-तंत्रसे युक्त उच्च स्तरीय सुरक्षानिगरानी प्रणाली होनीचाहिए जो पत्तन में होरहे सभी कार्यकलापों कोरिकॉर्ड करने तथाडिजीटल रूप से फुटेजों कोसंचित करने में सक्षम होगा; और

(ग) यदि हां, तो देश में विभिन्न पत्तनों पर उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी नेटवर्क तथाइस पर व्यय कीगई राशि का पत्तन-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पोत परिवहन मंत्री**
**(श्री जी. के. वासन)**

**(क)**: सभी महापत्तन आई एस पी एस (अंतरराष्ट्रीय पोत एवं पत्तनसुविधासुरक्षासंहिता) का अनुपालन करतेहैं और नौवहन महानिदेशालय द्वारा प्रत्येक वर्ष उनका ऑडिट किया जारहाहै ।

**(ख) से (ग)**: कोलकाता पत्तन कोछोड़कर सभी महापत्तनों में सीसी टीवीनिगरानी नैटवर्क केसाथनिगरानी प्रणालियाँ हैं । ब्यौरा अनुबंध-I के रूप में संलग्नहै ।

**अनुबंध-I**

## विभिन्न महापत्तनों पर सीसी टीवीनिगरानी नैटवर्क और उन पर किए गए ख़र्च का ब्यौरा

| क्रम सं. | महापत्तन | वस्तुस्थिति |
|---|---|---|
| 1. | पारादीप पत्तन न्यास | पारादीप पत्तन के पास अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली है जिसमें 25 सीसी टीवी कैमरा हैं(5 फिक्सड किस्म के और 20 घूमने वाले) । यह प्रणाली पत्तनक्षेत्र में होनेवाली सभी गतिविधियों की फुटेज कोडिजिटल तौर पर स्टोर करने में सक्षम है ।<br>सीसी टीवीनिगरानी प्रणाली को स्थापित करने की कुललागत लगभग 2.14 करोड़ रू है । |
| 2. | विशाखापत्तनम पत्तन न्यास | वी पी टी ने पहले चरण में महत्वपूर्ण स्थानों पर 30 सीसी टीवी कैमरा लगाए हैं । सीसी टीवीनिगरानी नैटवर्क कीडिजिटलरिकॉर्डिंग 3 महीनों केलिए रखी जातीहै । पत्तन का डेटा भंडारण क्षमता को 3 महीने से बढ़ा कर 1 वर्ष करने का प्रस्तावहै । सीसी टीवीनिगरानी नैटवर्क पर किया गया व्यय लगभग 1 करोड़ रू है। |
| 3. | चेन्नई पत्तन न्यास | वर्तमान में चेन्नई पत्तन न्यास कीसीसी टीवीनिगरानी प्रणाली में 30 ऐनालॉग कैमरा हैं जिसमें फिक्स्ड और मूवेबल पी टीज़ेड दोनों किस्म के कैमरा हैं । इन्हें 2005 में 70 लाख कीलागत पर स्थापित किया गया था । यह प्रणाली पत्तन के सभी महत्वपूर्ण स्थानों में होनेवाली सभी गतिविधियों की फुटेज को 15 दिन की अवधि केलिए रिकॉर्ड औरडिजिटल रूप सेस्टोर करसकतीहै जहाँ यह कैमरा लगाए गए हैं ।<br>अवसंरचना केसाथसाथ आई पी (इंटरनेट प्रोटोकॉल) पर आधारितसीसी टीवी के रूप में प्रौद्योगिकी केसाथ अद्यतन बनाने केलिए 187.40 लाख रू (5 वर्षों की ए एम सी केसाथ) की अनुमानित लागत पर एक नई प्रणाली का प्रस्ताव किया गया है । |
| 4. | इन्नौर पत्तन लिमिटेड | ई पी एल द्वारा नीतिगत महत्व के 6 स्थानों पर सीसी टीवी कैमरा लगाए गए हैं । रिकॉर्डिंगसुविधा उपलब्ध है । ई पी एल नेवर्ष 2008-09 में 6 सीसी टीवी कैमरा लगाने केलिए 23,06,040/- रू ख़र्चकिए हैं। |
| 5. | वी.ओ.चिदम्बरनार पत्तन न्यास | वी ओसी पी टी के पास महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थापित किए गए 28 पी टीज़ेड कैमरों केसाथसीसी टीवी नैटवर्कहै । कैमरा फीड्स को कंट्रोल रूम में रिकॉर्ड भी किया जाताहै । 28 कैमरों केसाथनिगरानी प्रणाली को स्थापित करने पर लगी कुललागत 60 लाख रू रहीहै । |
| 6. | कोचीन पत्तन न्यास | वर्ष 2007 में, कोचीन पत्तन ने विभिन्न स्थानों पर 16 चैनलडिजिटल विडियो रिकॉर्डर केसाथ 8 एनोलॉगसीसी टीवी कैमरे लगाए थे (5 फिक्सड कैमरा और 3 पी टीज़ेड कैमरा) । संविदा की कुलराशि 36,55,709/- रू थी । इसके अलावा फर्म को 9,40,000/- रू की कुलराशि का5 वर्षों कावार्षिकरखरखावठेका दिया गया था ।<br>वर्ष 2012-13 में पत्तन ने विभिन्न स्थानों पर डीवी आर मॉनीटरों और नैटवर्क वीडियो रिकॉर्डर और अन्य सहायक उपकरणों केसाथ डेटा केन्द्र में, जोकि नए प्रशासनिक भवन के पाँचवें तल पर कार्य कररहाहै, 33 कैमरा लगाए हैं (16 एनालॉग कैमरा क्रूज़ यात्री सुविधा केन्द्र पर, 10 आई पी कैमरा कंटेनर फ्रेट स्टेशन पर और 7 आई पी कैमरा विभिन्न पहुँच नियंत्रण स्थानों पर) । संविदा की कुलराशि 22,13,637/- रू थी और पूरी प्रणाली 2 वर्ष कीगारंटी के अंतर्गत आतीहै । |
| 7. | नवमंगलूर पत्तन न्यास | अब तक नवमंगलूर पत्तन न्यास ने सभी प्रवेश द्वारों, तेल जेटियों, पूरे व्हार्फ क्षेत्र और जलसीमाक्षेत्र केलिए 21 सीसी टीवी कैमरे लगाए हैं । शुरुआत में पत्तन नेवर्ष 2007 के दौरान 11 एनोलॉग आधारित कैमरे लगाए थे और बाद में नवंबर 2009 में आई पी पर आधारित 7 और 2010-11 के दौरान 3 सीसी टीवी कैमरे और शामिल किए । 21 |

| | | |
|---|---|---|
| | | कैमरों के अलावाइस प्रणाली में डीवी डीराईटर बैकअप सुविधा केसाथ 10-15 दिन तकसाइकल मोड में घटनाओं कीरिकॉर्डिंग करने केलिए नैटवर्कसरवरडिजिटल वीडियो रिकॉर्डर भी है ताकिकिसी भी समय कोईसुबूतरिकॉर्ड किया जासके और जैसे और जब आवश्यक होसुबूत के रूप में रखा जासके ।<br>नवमंगलूर पत्तन न्यास में केन्द्रीय स्थान पर अवस्थित नियंत्रण कक्ष में वायरलैस यूनिटों और एलसी डी मॉनीटरों केसाथ 21 सीसी टीवी कैमरे स्थापित करने पर ख़र्च कीगई कुलराशि रू 85,47,000/- है । |
| 8. | मुरगांव पत्तन न्यास | मुरगांव पत्तन न्यास के पास पत्तन में होनेवाली सभी गतिविधियों की फुटेज कोरिकॉर्ड करने औरडिजिटल तौर पर स्टोर करने केलिए सीसी टीवी नैटवर्क केसाथ अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली है। मुरगांव पत्तन न्यास ने मार्च 2010 में ही एकडिजिटलनिगरानी प्रणाली लगाली थीजिसकीलागत 82.46 लाख रू है और जो तबसे कार्य कररहीहै । |
| 9. | मुंबई पत्तन न्यास | मुंबई पत्तन न्यास ने 2007 में स्थापित किए गए मौजूदा एनालॉगसीसी टीवी प्रणाली को अत्याधुनिक आई पी आधारितनिगरानीसीसी टीवी प्रणाली से बदलने केलिए सितम्बर 2013 को कार्यादेश दिया है जिसमें डॉक्स का पूरा प्रचालन क्षेत्र आताहै जिसमें जवाहर द्वीप द्वीप तथा पीरपाऊ शामिल हैं । नई प्रणाली वीडियो फुटेज को दो महीनों से अधिक समय तकस्टोर कर पाएगी जिसे बाद में किसी प्रकार केविश्लेषण केलिए उपयोग में लाया जासकताहै ।<br>सीसी टीवी प्रणाली नैटवर्क का प्रचालन बेतार प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा जो अत्यधिक कूट है । प्रस्तावित कैमरे समुद्र सीमा क्षेत्र की अबाध्य निगरानी केलिए मैगा पिक्सल रैस्यूलूशन के फिक्सड फोर्कल (30) और पी टी जेड डोम टाइप (40) हैं । मौजूदा प्रणाली को बदलने केलिए कार्यादेश की कुललागत 2.5 करोड़ रू होतीहै । इस परियोजना का कार्य पूरा होने की प्रत्याशित तारीख फरवरी, 2014 है । |
| 10. | जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास | जे एन पी टी के पास सीसी टीवी नैटवर्क केसाथ अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली है, अब तक पत्तन प्रशासन भवन और पत्तनक्षेत्र में सीसी टीवीनिगरानी नैटवर्क उपलब्ध करवाने केलिए क्रमशः 14,53,585/- रू और 75,00,000/- रू खर्चकिए गए हैं । इसके अलावा पत्तन पूरी प्रणाली को और मज़बूत बनाने की प्रक्रिया चलारहाहै और पत्तन टाऊनशिप तथा पत्तन के आसपास केक्षेत्रों में 7 करोड़ रू की अनुमानित लागत पर सीसी टीवीनिगरानी नैटवर्क उपलब्ध करवाएगा । |
| 11. | कांडला पत्तन न्यास | कांडला पत्तन न्यास के पास आई एस पी एस अनुपालन केलिए सभी अनिवार्य उपस्कर मौजूद हैं जिनमें 17 कैमरों केसाथसीसी टीवीनिगरानी नैटवर्क औरसी आई एस एफ कार्मिकों की तैनातीवालेनिगरानीस्टेशन शामिल हैं । फुटेज कारिकॉर्ड 7 दिनों तकरखा जाताहै । सीसी टीवी नैटवर्क की स्थापना केलिए 52.78 लाख रू काख़र्च किया गया है । |
| 12. | कोलकाता पत्तन न्यास | कोलकाता पत्तन न्यास ने विभिन्न महत्वपूर्ण स्थापनाओं औरसंवेदनशीलक्षेत्रों पर सीसी टीवी स्थापित करने का निर्णय लिया है । कैमरों की आवश्यकता केसाथसाथ स्थापना केस्थान आदि पहले ही अंतिम रूप सेनिर्धारित करलिए गएहै । कोलकाता पत्तन न्यास नेसंवेदनशीलक्षेत्रों को शामिल करने केलिए अत्याधुनिक सुरक्षानिगरानी प्रणाली केहिस्से के रूप में सीसी टीवी कैमरों की स्थापना केलिए कार्रवाई प्रारंभ कर दीहै । उन्होंनेसीसी टीवी स्थापना केलिए मौजूदा फाइबर ऑप्टिक नैटवर्क के उन्नयन/अद्यतन बनाए जाने का फैसला किया है । फाइबर ऑप्टिक नैटवर्क के उन्नयन के बाद सीसी टीवी केलिए निविदा जारी की जाएगी । |

******